# राजस्थान समसामयिकी मई , 2022

# राजस्थान समसामयिकी मई, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 2 May, 2022

- **किशनगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइंग एकेडमी खुलेगी–**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) की एफटीओ यानी उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति के तहत राजस्थान के किशनगढ़ (अजमेर) एयरपोर्ट पर नई फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी खुलेगी।

भारत में नई फ्लाइंग एकेडमी खोलने के लिए 10 एयरपोर्ट किशनगढ़, कूचबिहार, देवघर, झारसुगुड़ा, तेजू, मेरठ, कडपा, हुबली, भावनगर और सेलम का चयन किया गया है। किशनगढ़ में खुलने वाली फ्लाइंग एकेडमी में पायलट की ट्रेनिंग के लिए भौतिक, रसायन और गणित में 12वीं पास उत्तीर्ण स्टूडेंट आवेदन कर सकेंगे, जिसका लगभग ₹ 25 से ₹ 27 लाख खर्चा आएगा।

## News Paper of 5 May, 2022

- **पोकरण में एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम एटीजेएस का लगातार सात दिवसीय परीक्षण सफल रहा–**

पोकरण (जैसलमेर) में एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम एटीजेएस का लगातार सात दिवसीय परीक्षण 2 मई 2022 को पूरा हुआ। यह परीक्षण सफल रहा। इस एटीजेएस-टोड का निर्माण भारत की दो कंपनियों भारत फोर्ज लिमिटेड व टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के द्वारा किया गया है। एटीजेएस टोड गन का वर्ष 2016 में पहला परीक्षण किया गया था।

एटीजेएस टोड गन सिस्टम के संबंध में प्रमुख तथ्य–

- इस तोप का वजन 18 टन है।
- यह सबसे लंबी दूरी तक वार करने में सक्षम स्वदेशी तोप है।
- यह तोप माइनस तीन डिग्री से प्लस 75 डिग्री तक एलिवेशन ले सकती है।
- इसकी फायरिंग रेंज 48 किमी. से 52 किमी. तक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।
- इस सिस्टम को विकसित करने में करीब चार वर्ष लगे।
- भारतीय सेना के पास 155 एमएम की ऐसी फिलहाल सात गन हैं।
- इस तोप के बैरल की लंबाई 8060 मिलीमीटर है।

## News Paper of 7 May, 2022

- **भारत-पाक पश्चिमी सीमा पर कैमरों की मदद से निगरानी का बीकानेर पहले सेक्टर बना–**

भारत-पाक पश्चिमी सीमा पर कैमरों की मदद से निगरानी का बीकानेर पहला सेक्टर बना है। इसके लिए भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीकानेर सेक्टर में कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों को फाइबर केबल बिछाकर बीएसएफ के सेक्टर मुख्यालय बीकानेर से जोड़ा गया है जिससे अधिकारी कैमरों की मदद से बॉर्डर के पास की स्थिति को लाइव देख सकेंगे। भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का 1070 कि.मी. भारत-पाक बॉर्डर एरिया राजस्थान से सटा है।

- **विश्व बैंक की टीम ने बीसलपुर बांध का निरीक्षण किया–**

6 मई, 2022 को टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध पर विश्व बैंक व नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट की टीम के सदस्यों ने निरीक्षण किया। बांध पर स्काडा सिस्टम को भी देखा। बीसलपुर बांध पर विश्व बैंक की ओर से सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है।

## News Paper of 8 May, 2022

- **राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन 29 अगस्त, 2022 से 2 अक्टूबर, 2022 तक होगा–**

7 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणानुसार राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन 29 अगस्त, 2022 से 2 अक्टूबर, 2022 तक होगा। ये ओलंपिक ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर तक होंगे।

ग्रामीण ओलंपिक में कबड्डी, शूटिंग, वॉलीबॉल, टेनिस बॉल, क्रिकेट, खो-खो व हॉकी खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की चेयरमैन कृष्णा पूनिया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 9 May, 2022

- **देश के पहले हेरिटेज चंबल रिवर फ्रंट का विस्तार होगा; 6 कि.मी. से बढ़कर 19 कि.मी. होगा–**

हाल ही में कोटा में बन रहे देश के पहले हैरिटेज चंबल रिवर फ्रंट के विस्तार की घोषणा की गई है। चंबल रिवर फ्रंट के फर्स्ट फेज के अन्तर्गत ₹ 1000 करोड़ की लागत से कोटा बैराज से नयापुरा चंबल ब्रिज तक नदी के दोनों किनारों पर 6 कि.मी. एरिया को डवलप किया जा रहा है जो दिसम्बर, 2022 तक पूरा होगा। इसके सेकंड फेज में नयापुरा चंबल ब्रिज से रेलवे ब्रिज तक चंबल नदी के दोनों किनारों को डवलप किया जाएगा, जिसमें चम्बल नदी के एक तरफ 6.50 कि.मी. एरिया डवलप किया जाएगा जिससे इसमें 13 कि.मी. का विस्तार होगा। फर्स्ट और सेकंड फेज दोनों मिलाकर इसकी कुल लम्बाई 19 कि.मी. हो जाएगी।

चम्बल रिवर फ्रंट के सेकंड फेज को ग्रीन थीम पर बनाया जाएगा।

## News Paper of 10 May, 2022

- **शहरों में 100 दिन रोजगार गारंटी को वित्त विभाग ने मंजूरी दी; ₹ 259 से ₹ 333 तक न्यूनतम मजदूरी मिलेगी–**

हाल ही में राजस्थान में शहरी बेरोजगारों को शहर में ही रोजगार देने की इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना को वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में भी अब 100 दिन का रोजगार मिलेगा। इसमें अकुशल श्रमिक को ₹ 259, अर्द्धकुशल को ₹ 271, कुशल को ₹ 283 और उच्च कुशल श्रमिक को ₹ 333 न्यूनतम मजदूरी मिलेगी।

शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत नगर निकायों के काम को शामिल किया गया है जिसमें परम्परागत जल स्रोतों के रखरखाव से लेकर घर-घर कचरा संग्रहण, नाला सफाई, अवैध होर्डिंग-पोस्टर हटाने, लावारिस मवेशियों को पकड़ने सहित पर्यावरण संरक्षण के कई काम शामिल किए गए हैं।

## News Paper of 11 May, 2022

- **राजस्थान केबिनेट की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए–**

10 मई, 2022 को राजस्थान केबिनेट की मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए यथा–

- पुरानी पेंशन योजना के क्रियान्वयन के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन करने का निर्णय किया गया। जिसके तहत 1 जनवरी, 2004 एवं उसके बाद नियुक्त कर्मचारी अपनी सेवानिवृति पर पेंशन परिलाभों के पात्र होंगे। पेंशन परिलाभ अप्रैल, 2022 से देय है। इसमें राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996, राजस्थान सिविल सेवा (अंशदायी पेंशन) नियम 2005 विभिन्न पुनरीक्षित वेतनमान नियमों एवं राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम 2013 में विभिन्न संशोधनों के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।
- राजस्थान में एक जैसी पात्रता वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थान पर अब एक समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) आयोजित होगी। इसके लिए राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम 2022 बनाया जाएगा।
- ऐसे पदों, जिनकी चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार आवश्यक नहीं है, में साक्षात्कार के प्रावधान को हटाने एवं ऐसे पद, जिसमें संवाद कौशल की आवश्यकता है, में भरांक कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत तय करने के लिए संशोधन किया जाएगा।
- आरपीएससी में सीधी भर्ती के जरिये भरे जाने वाले जिन पदों के लिए साक्षात्कार का प्रावधान है, उनमें साक्षात्कार का प्रावधान हटाने का निर्णय किया गया है।
- राजस्थान के निवासी पैरालिंपिक पदक विजेताओं को इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में नि:शुल्क 25 बीघा भूमि का आवंटन हो सकेगा।
- जैसलमेर में 6000 हैक्टेयर सिवायचक भूमि को 2000 मेगावाट सोलरपार्क की स्थापना के लिए अडानी रिन्यूएबल एनर्जी पार्क राजस्थान लि. को कीमतन भूमि आवंटन पर निर्णय किया गया।

## News Paper of 12 May, 2022

- **शहरी निकायों के पार्षदों के भत्ते में बढ़ोतरी की गई–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने प्रदेश के 213 नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगरपालिका) के सभी सदस्यों (पार्षदों) के मासिक भत्तों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी के बाद इनके भत्ते निम्न हैं–

(रुपए प्रति माह)

| निकाय | टेलीफोन | स्टेशनरी | वाहन | बैठक का पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| नगर निगम | 1800 | 900 | 1800 | 720 रु. प्रति बैठक (अधिकतम 2160 रुपए प्रति माह) |
| नगर परिषद | 1200 | 720 | 1200 | 600 रु. प्रति बैठक (अधिकतम 1800 रुपए प्रति माह) |
| नगरपालिका | 720 | 600 | 900 | 480 रु. प्रति बैठक (अधिकतम 1440 रुपए प्रति माह) |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **जयपुर के नजदीकी क्षेत्रों में जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) द्वारा वन भूमि को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने वाली 6 परियोजनाओं के लिए ₹ 44 करोड़ की स्वीकृति–**

हाल ही में जयपुर के नजदीकी क्षेत्रों में जयपुर-विकास प्राधिकरण (JDA) द्वारा वन भूमि को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने वाली 6 परियोजनाओं के लिए नगरीय विकास स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने ₹ 44 करोड़ की स्वीकृति दी। इनमें तितली, तेंदुआ, जरख, पक्षी संरक्षण से लेकर बायो डायवर्सिटी विकसित करने की योजना है। 6 योजनाएं निम्न होंगी–

(1) मुहाना वनखंड के 244 हैक्टेयर भूमि जो नेवटा बांध के बैक वाटर से वॉटरलोगिंग क्षेत्र वनखण्ड मुहाना में स्थित है, में 80 प्रजाति के पक्षियों के लिए आर्द्रभूमि संवर्धन।

(2) अरावली के बेर और तितली प्रजनन योजना।

(3) गोनेर परियोजना के अन्तर्गत जैव विविधता पर जोर देकर पौधरोपण मृदा जल संरक्षण, चैकी इत्यादि कार्य होंगे।

(4) आमागढ़ आरक्षित वन में तेंदुआ संरक्षण परियोजना

(5) नाहरगढ़ को टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जाएगा। इसके तहत यहां सफारी परियोजना का विकास होगा।

(6) कालवाड़ रोड पर 100 हैक्टेयर में वनखंड विकसित होगा। इसके तहत जैव विविधता वन परियोजना बीड गोविन्दपुरा (आरक्षित वन) क्षेत्र में वन क्षेत्र विकसित होगा।

## News Paper of 16 May, 2022

- **रूर्बन मिशन पर रोक, केन्द्र की मंजूरी से ही नये काम होंगे–**

देश के गांवों में छह वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना शुरू की। अब इस योजना के लिए राज्य सरकार ने नया काम मंजूर नहीं करने को कहा है तथा साथ ही आवश्यक कार्य के लिए मंजूरी केन्द्र स्तर पर ली जा सकेगी। केन्द्र सरकार ने इस योजना के लिए वर्ष 2022-23 के बजट में ₹ 550 करोड़ का प्रावधान रखा है लेकिन नए काम मंजूर करने पर रोक भी लगाई है। रूर्बन मिशन योजना के तहत तीन चरणों में ₹ 684 करोड़ खर्च किए गए।

## News Paper of 17 May, 2022

- **बूंदी का रामगढ़ विषधारी अभयारण्य चौथा टाइगर रिजर्व बना–**

16 मई, 2022 को पर्यावरण मंत्रालय के नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही बूंदी का रामगढ़ विषधारी अभयारण्य राज्य का चौथा टाइगर रिजर्व बन गया है। एनसीटीए ने वर्ष 2021 में इसकी स्वीकृति जारी की थी।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 1501.89 वर्ग किलोमीटर रहेगा। इसमें कोर एरिया प्रथम 225.62 व कोर एरिया द्वितीय 256.28 वर्ग किलोमीटर रहेगा।

बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में कोटा-बूंदी से निकल रहे राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य को भी कोर रूप में शामिल कर लिया गया।

## News Paper of 18 May, 2022

- **सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बॉम्बे हाइकोर्ट के न्यायाधीश एस.एस. शिंदे को राजस्थान का सी जे बनाने की सिफारिश की–**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बॉम्बे हाइकोर्ट के न्यायाधीश एस.एस. शिंदे को राजस्थान का मुख्य न्यायाधीश (सी.जे.) बनाने की सिफारिश की। वे मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। भारत के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना है।

## News Paper of 19 May, 2022

- **जयपुर में पहला ई-रूर्बन स्कूल पोर्टल लॉन्च होगा–**

भारत का पहला ई-रूर्बन स्कूल पोर्टल जयपुर में लॉन्च होगा। यह पोर्टल पीपल लैब्स की ओर से लॉन्च होगा। इस पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण और शहरी स्कूल के बच्चों को समान शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे गांव और शहर के बच्चों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हो सकेगा तथा गांव के बच्चे शहरी बच्चों की तरह शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

## News Paper of 22 May, 2022

- **राजस्थान में पहली बार स्मार्ट हैल्थ कियोस्क शुरू होगा, कोटा मेडिकल कॉलेज में खुलेगा; एटीएम की तरह संचालित होगा; स्वयं कर सकेंगे 50 तरह की जाँचे–**

राजस्थान में पहली बार स्मार्ट हैल्थ कियोस्क कोटा मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा। इस कियोस्क में कोई भी व्यक्ति 50 तरह की जाँचें स्वयं कर सकेगा। यह एटीएम की तरह संचालित होगा। इस तकनीक को भारत में ही विकसित किया गया है, इसे महाराष्ट्र की कम्पनी ने बनाया है।

**इस मशीन पर निम्न टेस्ट हो सकेंगे–**इस मशीन पर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बीएमआई बॉडी फैट, एसपीओ 2 लेवल, लम्बाई मेटाबोलिक एज, मसल मास, बॉडी टेम्प्रेचर, शुगर-बीपी टेस्ट, हैल्थ स्कोर, कान व आँखों से जुड़े सभी टेस्ट, कोविड टेस्ट, ईसीजी, स्किन टेस्ट, प्रेग्नेंसी, एचबी1एसी, हीमोग्लोबिन, यूरीन टेस्ट, मलेरिया-चिकनगुनिया, टायफाइड, किडनी टेस्ट, एचआईवी, टीबी, निकोटिन से जुड़े 50 तरह के टेस्ट हो सकेंगे।

**स्मार्ट हैल्थ कियोस्क मशीन के सम्बन्ध में प्रमुख तथ्य–**

- यह मशीन एटीएम की तरह है और टच स्क्रीन है।
- इसमें सभी फंक्शन की डिटेल सामने स्क्रीन पर मिलती रहेगी और प्रोसेस आगे बढ़ता रहेगा।
- गत एक साल से ही इसका प्रोडक्शन शुरू हुआ है और देश में 600 मशीनें दी जा चुकी हैं।
- इस मशीन में हर टेस्ट के लिए टेक्नॉलाजी इनेबल है। किसी को हीमोग्लोबिन की जाँच करानी है तो मशीन से स्ट्रिप मिलेगी। मशीन ही पिन देगी, जिससे प्रिक कर ब्लड उस स्ट्रिप पर डालना होगा। टेस्ट के बाद रिपोर्ट स्क्रीन पर दिखेगी, प्रिंट भी ले सकेंगे। मशीन से ही सम्बन्धित डॉक्टर को वाट्सएप पर रिपोर्ट भेज सकेंगे।
- कोटा मेडिकल कॉलेज में लगाई जा रही मशीन बेसिक मॉडल है। एडवांस मॉडल में डॉक्टर से वीडियो कंसल्टेशन और मेडिसिन बैंक के फीचर्स भी हैं।
- इसमें डॉक्टर को दिखाएंगे तो सारी जाँचें दिख जाएँगी और वह पर्चा लिखकर देंगे, जिस पर क्यूआर कोड होगा। उससे मेडिसिन बैंक से दवाएँ मिल जाएँगी। ऑनलाइन पेमेंट का विकल्प भी इसमें है।
- इस मशीन में ईसीजी के लिए तीन प्वाइंट्स हैं, जो अपने शरीर पर दिए गए निर्देशानुसार लगाने होंगे।

## News Paper of 23 May, 2022

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के तीसरे लेपर्ड रिजर्व आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व का उद्घाटन किया–**

22 मई, 2022 (अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस) को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के तीसरे लेपर्ड रिजर्व आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व 16.36 वर्ग किमी. एरिया में है। यहाँ 23 मई, 2022 से पर्यटकों के लिए दो पारी में सफारी की शुरुआत की गई।

राजस्थान के तीन लेपर्ड रिजर्व जिनमें सफारी की सौगात मिली है—(1) जवाई लेपर्ड रिजर्व (2) झालाना लेपर्ड रिजर्व (3) आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व।

आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व देश का पहला ऐसा रिजर्व होगा, जहाँ एक साथ चार सफारी होंगी।

राजस्थान में वर्तमान में 3 राष्ट्रीय उद्यान, 27 वन्य जीव अभयारण्य, 16 कंजर्वेशन रिजर्व और 4 टाइगर रिजर्व हैं।

## News Paper of 24 May, 2022

- **राजस्थान सरकार ने 44 सेवा नियमों में संशोधन कर साक्षात्कार समाप्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी, केवल आरएएस, अधीनस्थ सेवा भर्ती व चार अन्य सेवाओं में ही इंटरव्यू का प्रावधान होगा–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने 44 सेवा नियमों में संशोधन करते हुए साक्षात्कार को पूर्णतः समाप्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब इनसे जुड़ी भर्तियों में साक्षात्कार नहीं होंगे। केवल राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ (संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती) नियम 1999 में साक्षात्कार के प्रावधान वाले पदों एवं कुछ विशिष्ट सेवा नियमों में साक्षात्कार जारी रहेंगे। इनमें साक्षात्कार का भरांक (वेटेज), कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत ही होगा।

## News Paper of 25 May, 2022

- **शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2021 की रिपोर्ट जारी की–**

24 मई, 2022 को शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2021 की रिपोर्ट जारी की। इसमें कोरोना से प्रभावित होने के बाद भी राजस्थान राष्ट्रीय औसत से आगे रहा है। यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय द्वारा तीसरी, पाँचवीं, आठवीं और दसवीं के बच्चों के लर्निंग स्तर पर जारी की गई है।

**नेशनल अचीवमेंट सर्वे में राजस्थान का प्रदर्शन**

**तीसरी कक्षा के बच्चों का लर्निंग स्तर–**

- ओवरऑल अचीवमेंट स्कोर का राष्ट्रीय औसत 59 प्रतिशत रहा, जबकि राजस्थान का औसत 66.1 प्रतिशत रहा।
- गणित में राष्ट्रीय औसत 57 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 65 प्रतिशत रहा।
- भाषायी स्तर पर राष्ट्रीय औसत 62 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 69 प्रतिशत रहा।
- ईवीएस में राष्ट्रीय औसत 57 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 65 प्रतिशत रहा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**पाँचवीं कक्षा के बच्चों का लर्निंग स्तर–**

- ओवरऑल अचीवमेंट स्कोर का राष्ट्रीय औसत 49 प्रतिशत रहा, जबकि राजस्थान का औसत 57.6 प्रतिशत रहा।
- गणित में राष्ट्रीय औसत 44 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 53 प्रतिशत रहा।
- भाषायी स्तर पर राष्ट्रीय औसत 55 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 63 प्रतिशत रहा।
- ईवीएस में राष्ट्रीय औसत 48 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 57 प्रतिशत रहा।

**आठवीं कक्षा के बच्चों का लर्निंग स्तर–**

- ओवरऑल अचीवमेंट स्कोर का राष्ट्रीय औसत 41.9 प्रतिशत रहा, जबकि राजस्थान का औसत 50.5 प्रतिशत रहा।
- भाषायी स्तर पर राष्ट्रीय औसत 53 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 61 प्रतिशत रहा।
- गणित में राष्ट्रीय औसत 36 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 46 प्रतिशत रहा।
- विज्ञान में राष्ट्रीय औसत 39 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 47 प्रतिशत रहा।
- सामाजिक विज्ञान में राष्ट्रीय औसत 39 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 49 प्रतिशत रहा।

**दसवीं कक्षा के बच्चों का लर्निंग स्तर–**

- ओवरऑल अचीवमेंट स्कोर का राष्ट्रीय औसत 37.8 प्रतिशत रहा, जबकि राजस्थान का औसत 45.1 प्रतिशत रहा।
- गणित में राष्ट्रीय औसत 32 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 41 प्रतिशत रहा।
- विज्ञान में राष्ट्रीय औसत 32 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 42 प्रतिशत रहा।
- सामाजिक विज्ञान में राष्ट्रीय औसत 37 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 46 प्रतिशत रहा।
- अंग्रेजी में राष्ट्रीय औसत 43 प्रतिशत रहा जबकि राजस्थान का 48 प्रतिशत रहा।

उक्त सर्वे में विभिन्न बच्चों के लर्निंग स्तर जानने के लिए 12 नवम्बर, 2021 को परीक्षा का आयोजन करवाया गया। इसमें राजस्थान के 5,947 सरकारी व निजी स्कूलों के 1,51,423 विद्यार्थियों व 25 हजार शिक्षकों ने भाग लिया।

## News Paper of 27 May, 2022

- **मुरलीधर वैष्णव गोइन्का अवार्ड से सम्मानित–**

हाल ही में मई, 2022 में रचनाधर्मी मुरलीधर वैष्णव इस वर्ष के श्यामसुन्दर गोइन्का त्रिवेणी समागम पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। यह पुरस्कार उन्हें बेंगलुरु में मिला जिसमें 2.21 लाख रुपये की राशि दी गई।

मुरलीधर वैष्णव को राजस्थान साहित्य अकादमी का विशिष्ट साहित्य पुरस्कार, राजस्थान पत्रिका का सर्जन साहित्य पुरस्कार व दुर्गादास राठौड़ पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

- **राजस्थान में 1 वर्ष तक के बच्चों की शिशु मृत्यु दर में 3 अंक की कमी, राष्ट्रीय स्तर पर 2 अंक की कमी–**

भारत के नवीन एसआरएस बुलेटिन-2022 के अनुसार राजस्थान में 1 वर्ष के बच्चों की शिशु मृत्यु दर में 3 अंक की कमी आई है। राजस्थान में प्रति हजार जीवित जन्म लेने वाले शिशुओं की मृत्यु दर 35 थी जो अब घटकर 32 हो गई है। राष्ट्रीय स्तर पर इसमें 2 अंक की कमी आई है।

- **पोकरण में अमेरिकन होवित्जर गन एम-777 का सफल परीक्षण हुआ–**

हाल ही में राजस्थान के जैसलमेर जिले के पोकरण में फील्ड फायरिंग रेंज में अमेरिकन होवित्जर गन एम-777 का सफल परीक्षण हुआ। इसकी मारक क्षमता 30 किमी. से अधिक है और यह बोफोर्स तोप से वजन में हल्की है।

## News Paper of 30 May, 2022

- **राजस्थान में राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार की घोषणा की गई–**

केन्द्र सरकार द्वारा 6 अगस्त, 2021 को राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया। अब राजस्थान में राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार फिर से शुरू किया जा रहा है। राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक जो कि राजस्थान में 29 अगस्त, 2022 से शुरू होंगे, उसकी मशाल को सीएम अशोक गहलोत ने रवाना किया। यह मशाल हर जिले में जाएगी।

- राजीव गाँधी खेल रत्न राजस्थान के बेस्ट खिलाड़ियों को मिलेगा जिसमें प्रशस्ति पत्र, शील्ड व 7.50 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।
- राजीव गाँधी खेल रत्न अवार्ड ओलम्पियन तीरंदाज लिम्बाराम को राजस्थान सरकार द्वारा दिया गया है।

यह घोषणा भी की गई–

- गुरु वशिष्ठ अवार्ड व महाराणा प्रताप अवार्ड की राशि एक लाख रुपये से बढ़ाकर पाँच लाख रुपये की गई।
- पे एण्ड प्ले स्कीम समाप्त की गई। इसके तहत अब खिलाड़ियों को स्टेडियम में खेलने/प्रेक्टिस के लिए पैसे नहीं देने होंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**विगत 47 वर्षों से विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु पूर्णतः पाठ्यक्रम आधारित संशोधित पुस्तकें बाजार में उपलब्ध**

सभी पुस्तकों में आर्थिक समीक्षा 2021-22 एवं बजट 2022-23 के तथ्यों एवं आंकड़ों का समावेश किया गया है। रीट हेतु प्रकाशित सभी पुस्तकों का 12 अप्रैल, 2022 एवं शिक्षक ग्रेड I व II के पेपर I का मई 2022 को जारी पाठ्यक्रम के आधार पर पूर्णतः संशोधन किया गया है, जिनमें नवीनतम आँकड़ों एवं अप्रैल 2022 तक आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश किया गया है।





**सुप्रसिद्ध मार्गदर्शक एवं लेखक**

## मनोहर सिंह कोटड़ा

**एस.आर.आँजणा एवं दीपा रत्नू**

**की सर्वोपयोगी पुस्तकें उपलब्ध**

**वर्ष 2022-23 का नवीनतम संस्करण देखकर खरीदें।**




**संजीव प्रतियोगिता परीक्षा पुस्तकों की विशेषताएँ :** • नवीन पाठ्यक्रम का समावेश • विस्तृत एवं सटीक विषय सामग्री का समावेश • अप्रैल 2022 तक आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश • विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्रों का समावेश • प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार विषय सामग्री • अशुद्धि रहित नवीनतम एवं पूर्णतः संशोधित पाठ्य सामग्री।

**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें :** राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2021-22 का सार संग्रह; राजस्थान के बजट 2022-23 का सार संग्रह; राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (जनवरी 2021 से प्रत्येक माह)

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

**Visit us at : www.sanjivprakashan.com**